**Statement I**

*Extent of damages due to drought during post-monsoon period of* 1986 (*as reported by States/UTs*) (*Provisional*)

| | State | Districts affected | Cropped area affected (lakh ha.) | Population affected (in lakhs) | Cattle affected (in lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Assam | 16 | 5·58 | 20·00 | 10·99 |
| 2. | Manipur | 8 | 1·88 | 9·92 | NR |
| 3. | Haryana | 12 | 9·30 | 37·00 | 30.80 |
| 4. | Tamil Nadu | 18 | 1·36 | 232·95 | NR |
| 5. | Pondicherry | 2 | 0·04 | 0·77 | 0.04 |
| 6. | Uttar Pradesh | 53 | 72.15 | 600.00 | 320.16 |
| 7. | Tripura | 3 | 0·37 | 1·150 (Esttd.) | NR |
| 8. | Andhra Pradesh | 12 | 10.38 | 31·27 Small & marginal farmers) | — |
| | | 124 | 101·06 | 933·41 | 361·9 |

**मध्य प्रदेश की केन बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना**

528. **श्री अजीत जोगी** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश की केन बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना काफी लम्बे अरसे से लंबित है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी स्वीकृति में क्या अड़चने हैं और उन अड़चनों को दूर करने के लिये क्या प्रयास किये जा रहे हैं; और

(ग) इस परियोजना को कब तक स्वीकृति दे दिये जाने की आशा है ?

**जल संसाधन मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द)** : (क) से (ग) केन बहुउद्देशीय परियोजना जिस पर 202 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है, केन्द्रीय जल आयोग में तकनीकी, आर्थिक स्वीकृति हेतु 1982 में प्राप्त हुई थी । केन्द्रीय जल आयोग ने परियोजना की जांच कर ली है तथा विभिन्न पहलुओं पर राज्य सरकार को स्पष्टीकरण भेजने हेतु अपनी टिप्पणियां भेज दी हैं । बांध स्थल पर जल की उपलब्धता तथा उसके उपयोग के बारे में मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश की सरकारों के बीच कुछ मतभेद हैं । दोनों राज्य सरकारों के बीच इन मामलों को हल करने में केन्द्रीय जल आयोग उनकी सहायता करता आ रहा है । बांध स्थल पर विश्वसनीय जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारें और जल विज्ञान सम्बन्धी आंकड़े एकत्र कर रही हैं ।